आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 मई 2024 सान्ध्य समाचार

उत्तर प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के कई स्टार प्रचारक आज अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर समर्थन मांग रहे हैं।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज लखीमपुर शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में भाजपा के प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सपा और इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि इनके पास सरकार चलाने के लिए कोई भी चेहरा नहीं है। न नीयत है और न ही नीति, ये परिवारवादी संगठन केवल स्वंय के हित के लिए एक मंच पर एकत्र हुए हैं।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अकबरपुर, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के इस नारे ने ऐसा जादू किया कि विपक्षी दल चारों खाने चित हो गए हैं। उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आज शाहजहाँपुर में एक रैली में बीजेपी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि पार्टी झूठे वादे करती है। बाद में उन्होंने फर्रुखाबाद में भी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में एक राजनीतिक रैली को संबोधित किया।

उधर, रायबरेली में कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के समर्थन में थुलवासा में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आम जनता को गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो आशा वर्कर, मनरेगा समेत अन्य कर्मचारियों का मानदेय दोगुना किया जाएगा।

****

प्रदेश में सातवें चरण की तेरह लोकसभा सीटों के लिये नामांकन की प्रक्रिया जारी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी सम्बन्धित जिला मुख्यालयों से नामांकन पत्र भर कर अपनी दावेदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। इस क्रम में आज गोरखपुर लोकसभा सीट से पन्द्रह पर्चे बिके जबकि दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। उधर, बांसगांव लोकसभा सीट से दो पर्चे खरीदे गए। इस सीट से किसी भी प्रत्याशी ने आज नामांकन नहीं किया। इसी प्रकार वाराणसी और कुशीनगर लोकसभा सीट के लिये दो–दो प्रत्याशियों और चन्दौली लोकसभा क्षेत्र से पांच लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। गौरतलब है कि सातवें चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया चौदह मई तक चलेगी जबकि मतदान एक जून को होगा।

****

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तेरह और चौदह मई को वाराणसी दौरा प्रस्तावित है। इस दौर में वह एक रोड शो के अलावा चौदह मई को अपना नामांकन भी दाखिल करेंगे। भाजपा के क्षेत्रीय प्रवक्ता नवरत्न राठी के अनुसार प्रधानमंत्री तेरह मई की दोपहर वाराणसी आ जायेंगे और शाम को रोड शो करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार देर शाम लंका से रवींन्द्रपुरी, सोनारपुरा, गोदौलिया होते हुए विश्वनाथ धाम तक उनका रोड शो होगा। अगले दिन प्रधानमंत्री चौदह मई की सुबह बाबा काल भैरव का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद नामांकन करने के लिए जाएंगे।

****

प्रदेश की विभिन्न लोकसभा सीटों पर अधिक से अधिक मतदान कराने के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जहां रैली, नुक्कड़–नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान की अहमियत बताने के साथ ही मतदान की अपील की जा रही है।

जौनपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। आज जिला निर्वाचन अधिकारी ने पेट्रोल पम्पों पर मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंपों पर आने वाले वाहनों, बाइक व कार पर स्टीकर चिपकाएं और मतदान करने की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि घर–घर तक लोगों को ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करने का संदेश पहुंचाने के लिए विभिन्न तरह की स्वीप गतिविधिया निरन्तर की जा रही है। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। उधर, वाराणसी के मिर्जामुराद के रहने वाले सूबेदार यादव वोटिंग अवेयरनेस को लेकर पांच सदस्य टीम के साथ साइकिल से लखनऊ के लिये निकले। 10 दिनों के इस अभियान में लोगों को मतदान करने की शपथ दिलायेंगे।

****

आज विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस है। संरक्षण, सहायता, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सहायता तथा लोगों के स्वास्थ्य के लिए काम करने वाले लाखों कर्मचारी और स्वयंसेवकों के प्रति सम्मान प्राप्त करने के लिए यह दिवस मनाया जा रहा है।

आज ही थैलेसीमिया की रोकथाम और उपचार के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज विश्व थैलेसीमिया दिवस भी मनाया जा रहा है। यह रोग तब होता है, जब शरीर पर्याप्त हीमोग्लोबिन का उत्पादन करने में असमर्थ होता है।

****

भीषण गर्मी में लोगों को हीट वेव के प्रकोप से बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने बचाव एवं राहत की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत नगर विकास विभाग की ओर से कहा गया है कि प्रदेश में हीट वेव से बचाव के लिए राज्य, जनपद और निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाए। इसके साथ ही वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से जनपद एवं निकाय स्तर पर हीट वेव को मॉनीटर किया जाए। हीट वेव के समय क्या करें व क्या न करें के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय।

****